☎ : 05947-252841

# पायनियर चेतना

website : www.pioneerinternationalclub.com

18 मार्च 2005 e-mail : internationalpioneers@rediffmail.com अंक-255

(नि:स्वार्थ, स्वैच्छिक, कल्याणकारी, समाजसेवी संस्था, इन्टरनेशनल पायनियर्स द्वारा प्रकाशित)



(अवैतनिक) प्रधान सम्पादक : सन्तोष कुमार मेहरोत्रा, रामनगर (नैनीताल)
☎ : 05947-251536, 251056

सम्पादक : पाय० टी० राजन, हापुड़
सह सम्पादक : पाय० बी० डी० पाण्डे, रामनगर (अवैतनिक)


## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर सम्पन्न

दिल्ली। ''स्वैच्छिक रक्तदान शिविर' का सफलतापूर्वक आयोजन 27 फरवरी 2005, रविवार को स्थान श्री गीता भवन, भोलानाथ नगर, शाहदरा, दिल्ली-32 में सम्पन्न किया। इस पुनीत कार्य में 'ब्लड बैंक ऑर्गेनाइजेशन' पूसा रोड, नई दिल्ली व दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल के डॉक्टरों ने सहयोग दिया। शिविर में '74 यूनिट' रक्त एकत्र किया गया। इस शिविर में शहर के सभी गणमान्य व्यक्तियों का सानिध्य प्राप्त हुआ, जिसमें प्रमुख रूप से विधायक डा० नरेन्द्र नाथ (पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार) व निगम पार्षद रवि बंसल जी उपस्थित थे। श्री रवि बंसल जी ने अपना रक्तदान करके शिविर का उद्घाटन किया। शिविर में सभी प्रमुख समाचार पत्रों के संवाददाताओं के साथ-2 CCN News टी०वी० चैनल व 8 PM आपकी बात टी०वी० चैनल के संवाददाता अपनी कैमरा टीम के साथ उपस्थित थे। क्लब के सभी सदस्यों ने अध्यक्ष कर्मवीर तायल, सचिव संजय जिन्दल व कोषाध्यक्ष श्री राजेन्द्र मित्तल के नेतृत्व में रक्तदान व श्रमदान करके शिविर को सफल बनाया।

शिविर में सभी रक्तदाताओं की संपूर्ण शारीरिक जांच की गई। रक्त देने वालों की खून संबंधित जांच जैसे एड्स, हैपेटाइटिस बी व सी, बी०डी०आर०एल०, मलेरिया इत्यादि



रक्तदान करते हुए महिला पायनियर्स क्लब दिल्ली की कोषाध्यक्ष शालिनी मित्तल। खड़े हुए बायें से- पाय० उमा तायल, पाय० सविता गुप्ता, पाय० रेखा गुप्ता



रक्तदान करते श्री केश्वर गोयल (मंत्री, छोटा बाजार व्यापार मंडल) खड़े हुए बांये से- पाय० अशोक गोयल, पाय० सुशील गर्ग, श्री तारा चन्द मित्तल (कोषाध्यक्ष अखिल भारत अग्रवाल महासभा), पाय० राजेन्द्र मित्तल, पाय० संजय जिन्दल, डा० नरेन्द्र नाथ (विधायक व पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार), पाय० कर्मवीर तायल, श्री अवधेश चौबे (प्रमुख समाजसेवी), पाय० डा० ऐ०के० गुप्ता

की जांच रिपोर्ट भी रक्तदाताओं को प्रदान की गई। क्लब की शाखा की तरफ से सभी रक्तदाताओं को गिफ्ट व अल्पाहार भी दिया गया। ब्लड बैंक ऑर्गेनाइजेशन के सभी डॉक्टर्स व आए हुए सभी सहयोगियों को गिफ्ट व पूरी टीम को एक मोमेन्टो शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राकेश अरोड़ा जी ने भी हापुड़ टीम के साथ शिविर का दौरा किया तथा सभी सदस्यों के कार्यों की सराहना की।

शिविर में ''इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब महिला शाखा दिल्ली'' की अध्यक्षता उमा तायल, सचिव रीतू जिन्दल व कोषाध्यक्ष शालिनी मित्तल के साथ सभी सदस्याऐं उपस्थित थीं व सभी ने शिविर के कार्यों में बढ़चढ़कर भाग लिया तथा रक्तदान भी किया।

'इन्टरनेशनल पायनियर्स यूथ क्लब दिल्ली के जोनल चेयरमैन मनीष तायल ने भी शिविर को सफल बनाने के लिए अपना योगदान दिया।

# पायनियर आस्था

आस्था, विश्वास ये ऐसे मूल्य हैं जिन पर दुनिया कायम है। हमें अपनी संस्था, मानव मूल्य, देश, समाज तथा सर्वशक्तिमान ईश्वर में आस्था रखनी चाहिये। प्रस्तुत अंक में हम नैतिक मूल्यों व ईश्वर के प्रति आस्था में अपने विचारों को व्यक्त कर रहे हैं।

जो शक्ति नदियों, झीलों, पर्वत, सागर, फूलों, पत्तों, वृक्ष, लताओं, सूरज, चाँद, सितारे, धरती, गगन में विद्यमान है जो कण-कण, तृण-तृण हममें आपमें बसते हैं जो प्रेम पुकार में हैं, सुख भोगियों के उपकार में हैं, दुख भोगियों की दृग-धार में है, मीरा की भक्ति में व दुर्गा की शक्ति में है, जो गोपियों के नीर में व मन्द समीर में है वो ऐसी परम शक्ति है जिन्हें हम राम, कृष्ण, ईश्वर व अल्लाह का रूप देते हैं।

ईश्वर ने रंग बिरंगे फूल बनाये तथा बादलों का विधान बनाया सर्दी में पानी की कम जरूरत पड़ती है तो बर्फ जमी रहती है, गर्मी में पानी की ज्यादा जरूरत होती है तो बर्फ का पानी बनता रहता है। इन्सान को गर्दन ऊँची करके जीने का हक दिया है। इन्सान से कई गुणा जानवर ताकतवर होते हैं मगर वो गर्दन नीचे रखते हैं। ईश्वर ने मुस्कराने की दौलत केवल मनुष्य को दी है। यह ईश्वर के द्वारा दिया गया संदेश है कि हमें विश्व में खुशहाली फैलानी चाहिये। लेकिन आज मानवता का विकृत रूप देखने को मिलता है। आज अपने स्वार्थ के कारण मनुष्य दूसरों को बड़े से बड़ा नुकसान पहुँचाने से नहीं हिचकता है। भौतिकता की अंधी दौड़ में मनुष्य नैतिकता और ईश्वर को भुलाये बैठा है। हमारी शाखा का उद्देश्य नैतिक मूल्यों के प्रति ईश्वर के प्रति आस्था जागृत करना ही परम उद्देश्य है।

प्रस्तुति- अनिल बाजपेयी 'अध्यक्ष'
पायनियर 'आस्था' शाखा हापुड़

## शोक-संदेश

बड़े दुख: के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी शाखा के निदेशक श्री अजय गर्ग की माताजी का स्वर्गवास दिनांक 2 मार्च 2005 को हो गया है। समस्त पायनियर परिवार अपनी गहन सम्वेदना व्यक्त करता हैं।

**पाय0 संजय जिन्दल**
**सचिव**
**पायनियर क्लब दिल्ली ईस्ट**

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता सम्पन्न



हापुड़ 5 फरवरी इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब 'आस्था' के तत्वाधान में रघुवीरगंज स्थित दयानन्द स्कूल व प्रताप स्कूल में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

समान्य ज्ञान प्रतियोगिता में सोनू, पायल व पिंकी को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान तथा सुलेख प्रतियोगिता में विकास, लवकुश व भारती प्रथम द्वितीय व तृतीय शिष्टाचार प्रतियोगिता में रोहित, लाखन व रिंकू प्रथम द्वितीय व तृतीय निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में दीपक, राजीव व राजकुमार, गीत प्रतियोगिता में रजनी, सोनू व विक्रम तथा ज़िला स्तर के अधिकारियों से संबंधित प्रतियोगिता में राहुल, नीतू व लक्ष्मी क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

इस अवसर पर पायनियर 'आस्था' के अध्यक्ष अनिल बाजपेयी ने कहा कि छात्र असीम ऊर्जा का भण्डार होते हैं जरूरत है तो उन्हें सही दिशा निर्देशन देने की। हमारे शिक्षकगण उनकी इस ऊर्जा का सही दिशा देने के लिए प्रयासरत रहते हैं और इसी के परिणाम स्वरूप इन छात्र प्रतिभाओं में से कुछ कुंदन की तरह दमकते हैं तथा सूरज की तरह सर्वत्र प्रकाश फैलाते हैं।

क्लब के अधिकारी मनोज कर्णवाल ने कहा कि इन छात्रों को सामाजिक संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जाता है तो निश्चित रूप से इनका मनोबल आकाश की ऊँचाईयों को छुएगा।

क्लब के निदेशक अनिल सिवाल ने कहा कि छात्र देश के कर्णधार होते हैं और देश का भविष्य भी उन्हीं के कंधों पर टिका होता है यदि हम उनकी प्रतिभा की खुलकर प्रशंसा करते हैं तो वह और ज्यादा तरक्की कर देश का नाम रोशन करते हैं।

निदेशक पंकज अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा एक मौलिक अधिकार है। हर छोटी एवं बड़ी संस्था को प्रयास करना चाहिए कि वह निराश्रितों को शिक्षित बनाने में योगदान दें। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए पायनियर क्लब इस तरह की प्रतियोगितायें कराकर मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया है।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने क्लब के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। पुनीत कार्य में देवेन्द्र सिंह, अनिल सिवाल, अतुल शर्मा, अनिल बाजपेयी, मनोज कर्णवाल वं पंकज अग्रवाल का योगदान रहा।

# पायनियर एम्बुलैन्स का शुभारम्भ

कर्वी। समाजसेवा के क्षेत्र में जनपद चित्रकूट की अग्रणी संस्था इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब के सदस्यों द्वारा स्वयं के धनराशि से खरीदी हुई नई एम्बुलेंस का शुभारम्भ दिनांक 10/2/05 को मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक श्री रघुबीर लाल (I.P.S.) द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के उपरान्त किया गया। संस्था के लिये गौरव की बात है कि अपने संसाधन से एम्बुलेंस सेवा प्रारम्भ की है। दूसरी संस्था से अस्थाई रूप से प्राप्त एम्बुलेंस की अब यह संस्था मुहताज नहीं रह गई है। इसके लिये समस्त पायनियर सदस्य बधाई के पात्र हैं। महासचिव संजीव शर्मा ने संस्थापक सन्तोष महरोत्रा, राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश अरोड़ा ने इसके लिये चित्रकूट के सदस्यों को शुभकामनायें एवं बधाई दी है।

उपरोक्त जानकारी देते हुए संस्था के राष्ट्रीय सचिव केशव शिवहरे ने बताया कि जनभावना को ध्यान में रखते हुए उक्त एम्बुलेंस का संचालन पुन: शुरू किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत संस्था के अध्यक्ष अतुल अग्रवाल द्वारा मुख्य अतिथि को माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रघुवीर लाल जी ने कहा कि संस्था का यह कार्य समाजसेवा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा शुरू की जा रही एम्बुलेंस सेवा जनपदवासियों के लिए वरदान साबित होगी।

संस्था के अध्यक्ष अतुल अग्रवाल ने कहा कि बैजनाथ



संस्था द्वारा संचालित एम्बुलेंस सेवा का शुभारम्भ करते पुलिस अधीक्षक श्री रघुवीर लाल (I.P.S.) साथ में संस्था पदाधिकारी



संस्था की नई एम्बुलेंस

परमार्थ ट्रस्ट द्वारा संस्था को दी गई एम्बुलेंस हमारे ही एक सदस्य ने जिस तरह से यहाँ से हटाया वह अनुचित है। अब हम सेवा के लिये उनके सहारे नहीं हैं अपने पैरो पर स्वयं खड़े हैं।

संस्था सचिव केशव शिवहरे द्वारा मुख्य अतिथि को अब तक के किए गए सारे सामाजिक कार्यों के प्रगति के बारे में बताया गया और यह आश्वासन दिया गया कि संस्था सदैव पीड़ितों की सेवा हेतु सर्वप्रथम सबसे पहले हरदम उनके साथ है। संस्था द्वारा सदैव प्रतिमाह कुछ न कुछ सामाजिक कार्य किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि हमारे द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों को बढ़ चढ़ कर करने में शासन, प्रशासन के अलावा हमारे संस्था के संस्थापक पाय0 सन्तोष जी मेहरोत्रा, राष्ट्रीय अध्यक्ष पाय0 राकेश जी अरोरा, पाय0 संजीव शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव एवं जनता का विशेष योगदान व मार्गदर्शन रहता है। जिनकी प्रेरणा से हम बिना रूके हुए सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने की दिशा में दृढ़ संकल्प हैं। इस अवसर पर संस्था के सदस्य पाय0 संजय अग्रवाल, महेन्द्र केशरवानी, प्रेरनरायन गुप्ता, श्यामलाल आसवानी, ओमप्रकाश साहू, पंकज अग्रवाल, अजय अग्रवाल, डा0 महेन्द्र गुप्ता, विनोद गुप्ता, राजेश कुमार, राजेन्द्र कुमार, सुनील सुहाने, संजीव अग्रवाल, सन्तोष गुप्ता आदि सभी सदस्य उपस्थित रहे।

*- केशव शिवहरे*

## पाय0 अतुल अग्रवाल अध्यक्ष बने

*- केशव शिवहरे, कर्वी*

**कर्वी।** अवगत कराना है कि पाय0 संजय अग्रवाल का अध्यक्ष पद से त्यागपत्र सर्वसम्मति से स्वीकार किये जाने के उपरान्त उनके स्थान पर पाय0 अतुल अग्रवाल को अध्यक्ष बनाया गया।

श्री संजय अग्रवाल अब श्री अतुल अग्रवाल के स्थान पर निदेशक था दायित्व निर्वहन करेगें। उपरोक्त निर्णय माह फरवरी 2005 से लागू है।

*वर्तमान अध्यक्ष महोदय का पता*

श्री अतुल अग्रवाल
द्वारा श्री विष्णु स्वरूप अग्रवाल
पुरानी बाजार कर्वी
जनपद चित्रकूट (उ0प्र0)
फोन : 05198-235997 (दु0), 235108 (आ.)

## राष्ट्रीय अध्यक्ष

**पाय0 राकेश अरोड़ा**
1720/1 संजय विहार
मेरठ रोड,
हापुड़-245101
फोन : 0122-2301410

# राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक

दिनांक 20/02/05 को राष्ट्रीय कार्यकारिणी की इस सत्र की प्रथम सभा का आयोजन गणेश मण्डप हापुड़ में किया गया। जिसमें निम्नलिखित पायनियर्स पदाधिकारी एवम् सदस्य उपस्थित थे:-

| | |
|---|---|
| राकेश अरोड़ा | राष्ट्रीय अध्यक्ष |
| टी० राजन | पूर्व रा० अध्यक्ष |
| सतीश अग्रवाल | पूर्व रा० अध्यक्ष |
| विजय अग्रवाल | जोन चेयरमैन |
| डा० अशोक ग्रोवर | जोन चेयरमैन |
| डा० एम० के० अग्रवाल | जोन चेयरमैन |
| अतुल शर्मा | रा० सह सचिव |
| अनिल बाजपेयी | रा० पी०आर०ओ० |
| डा० बी०एस० तोमर | रा० सचिव इकोकेयर |
| विजेन्द्र गर्ग | वा० चेयरमैन इकोकेयर |
| केशव शिवहरे | रा० सचिव |
| आराधना बाजपेयी | चेयरमैन पायनियर्स महिला कल्याण मंच |
| पी०डी० गुप्ता | रा० उपाध्यक्ष |
| अभिनव गर्ग | रा० सहसचिव पायनियर्स यूथ |
| सुरेन्द्र खुराना | अध्यक्ष हापुड़ गोल्ड |
| अशोक अग्रवाल | अध्यक्ष हापुड़ समृद्धि |
| अतुल अग्रवाल | अध्यक्ष कर्वी चित्रकूट |
| रमन केहर | अध्यक्ष हापुड़ मेन |
| महेन्द्र केसरवानी | उपाध्यक्ष कर्वी चित्रकूट |
| महेन्द्र अग्रवाल | उपाध्यक्ष हापुड़ समृद्धि |
| सुचेन्द्र अग्रवाल | कोषाध्यक्ष हापुड़ समृद्धि |
| पंकज अग्रवाल | निदेशक कर्वी चित्रकूट |
| शारदा प्रसाद गुप्ता | कर्वी चित्रकूट |
| सुनील जायसवाल | देहली ईस्ट |
| जी० डी० बंसल | देहली ईस्ट |
| संजय गुप्ता | देहली ईस्ट |
| कर्मवीर तायल | अध्यक्ष देहली ईस्ट |
| पंकज अग्रवाल | कर्वी चित्रकूट |

सभा का शुभारम्भ शपथ ग्रहण से किया गया तत्पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए सभा प्रारम्भ करने की घोषणा की। सभी पायनियर्स सदस्यों के पारस्परिक परिचय उपरांत तीनों जोन चेयरमैनों विजय अग्रवाल, डा० अशोक ग्रोवर एवं डा० एम० के० अग्रवाल द्वारा शाखाओं के कार्यों की प्रगति रिपोर्ट पढ़कर कार्यों की समीक्षा की। उसके बाद सभी उपस्थित शाखाओं के अध्यक्ष/सचिवों द्वारा किये गये सेवा कार्यों के विषय में विस्तार से बताया एवं भविष्य में किये जाने वाले जन कार्यों के विषय में जानकारी दी। इसी प्रकार गर्ग द्वारा प्रगति रिपोर्ट तथा वर्ष के लक्ष्य के विषय में जानकारी दी। चेयरमैन पा० महिला कल्याण मंच श्रीमति आराधना बाजपेयी द्वारा महिला एवं बच्चों के कल्याण हेतु किये एवं किये जाने वाले कार्यों के विषय में अवगत कराया। राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश अरोड़ा ने सभा को सम्बोधित करते हुए सभी को उत्साहित करते हुए कहा कि सभी पायनियर्स का यही प्रयास होना चाहिए कि अधिक से अधिक जन सेवा कार्य पायनियर्स शाखाओं द्वारा किये जायें ताकि लोगों में पायनियर्स की पहचान सेवा कार्यों को याद करते हुए हो सके। साथ ही उन्होंने उपस्थिति सदस्यों से कहा कि किसी सदस्य के मन में कोई प्रश्न/समस्या या प्रस्ताव हो जिसका वह निवारण चाहता हो, पदाधिकारियों के सम्मुख रख सकता है। प्रत्युत्तर में सदस्यों द्वारा निम्न प्रस्ताव रखे गये:-

**1. डा० अशोक ग्रोवर जोन चेयरमैन :** प्रस्ताव दिया कि पत्रिका पायनियर्स चेतना में राष्ट्रीय अध्यक्ष का नाम अवश्य छापना चाहिए। उक्त प्रस्ताव डा० अशोक ग्रोवर पूर्व में की गयी सभाओं में रख चुके हैं। इस प्रस्ताव का सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने एकमत से स्वागत किया एवं हैड आफिस को इस पर तुरन्त प्रभाव से अमल करने के लिए लिखने के लिए कहा।

**2. कर्मवीर तायल अध्यक्ष देहली ईस्ट :** की तरफ से प्रस्ताव आया कि भविष्य जो भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बने उसका कार्यकाल कम से कम दो वर्ष होना चाहिए ताकि उसे अपनी योजनाओं पर अमल करने के लिए उपयुक्त समय मिल सके और एक बार राष्ट्रीय अध्यक्ष पद समाप्त होने के पाँच साल तक दोबारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बनना चाहिए ताकि अन्य सदस्यों को भी उच्च पद पर पहुँचने का अवसर मिल सके। 5 वर्ष पश्चात् फिर दोबारा राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद के लिए निर्वाचित हो सकते हैं। डा० बी० एस० तोमर का भी यही प्रस्ताव था कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकाल दो वर्ष होना चाहिए। इस प्रस्ताव का सभी द्वारा तालियाँ बजाकर स्वागत किया गया।

**3. विजय अग्रवाल जोन चेयरमैन :** की तरफ से प्रस्ताव आया कि कोई भी आजीवन सदस्य एक समय में केवल एक ही शाखा का सदस्य होना चाहिए और यदि वह दूसरी शाखा में जाना चाहता है तो पहली शाखा तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष की पूर्व अनुमति से तथा पहली शाखा से ट्रांसफर सर्टिफिकेट देने के बाद दूसरी शाखा में जा सकता है। इस प्रस्ताव को सभा ने हाथ उठाकर समर्थन प्रदान किया। निष्काषित किया गया सदस्य दूसरी ब्रांच का सदस्य नहीं हो सकता ये प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पास हुआ।

4. पा0 सुरेन्द्र खुराना जी ने प्रस्तावित किया कि अधिवेशन के दौरान चुनाव राष्ट्रीय अध्यक्ष का न होकर रा0 उपाध्यक्ष का होना चाहिए ताकि उपाध्यक्ष रा0 अध्यक्ष के कार्यों में सहयोग करते हुए अनुभव प्राप्त कर सके और संस्था को अच्छी लीडरशिप प्रदान कर सके तथा उसे राष्ट्रीय स्तर पर सदस्यों की पहचान भी हो सके।

5. पा0 अनिल बाजपेई का सुझाव था कि जोन चेयरमैन या राष्ट्रीय कार्यकारिणी में पदाधिकारी होने वाले किसी भी सदस्य को कम से कम अध्यक्ष होना जरूरी होना चाहिए। इस पर सतीश अग्रवाल जी का सुझाव था कि सचिव तक की पोस्ट के बाद सदस्यों को उपरी सदन के लिए क्वालिफाई करने का अहर्ता प्राप्त हो जानी चाहिए क्योंकि पायनियर्स में अभी सदस्य संख्या अधिक नहीं है।

6. पा0 केशव शिवहरे का प्रस्ताव था कि यदि कोई निर्णय रा0 कार्यकारिणी का सदस्य या पदाधिकारी किसी विवाद को ले कर करते हैं तो उन्होंने दोनो पक्षों की बात पूरी तरह से सुनकर करनी चाहिए जिससे दूसरे पक्ष को ये न लगे कि उसके साथ न्याय नहीं हो रहा है।

7. सभा में पाय0 राजीव अग्रवाल का राष्ट्रीय यूथ चेयरमैन पा0 अभिनव गर्ग का राष्ट्रीय सचिव यूथ कार्यकारी तथा रविन्द्र सिंघल राष्ट्रीय यूथ पायनियर के मनोनयन को व पा0 आराधना बाजपेई महिला कल्याण मंच की चेयरपरसन के रूप में नोनयन को सर्वसम्मति से सहमती प्रदान की गई। दिल्ली क्षेत्र से राष्ट्रीय यूथ कार्यकारिणी का प्रभार युवा पायनियर मनीष तायल को दिया गया और उन्होंन जल्दी ही वहां पर युवाओं की शाखाएं खोलने का वायदा किया।

8. पा0 रमन केहर का प्रस्ताव था कि यदि कोई आमत्रित सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सभा में उपस्थित नहीं हो सकता तो वह कम से कम कम 24 घण्टे पहले सूचना दे कि वह किस कारण उपस्थित नहीं हो पा रहा क्योंकि मेजवान संस्था को इस से नुकसान होता है और अपेक्षित संख्या के अभाव में जो निर्णय लेने हों वो अधूरे रह जाते हैं। सदस्यों को अपनी एप्लीकेशन लिखकर अवश्य भेजनी चाहिए।

*पाय0 राकेश अरोड़ा, राष्ट्रीय अध्यक्ष*

# पहचान अपनों की.....

मोहन जी का कुत्ता खो गया था। काले रंग का, अच्छी नस्ल का पूंछ पर कुछ सफेद बाल थे। वह कुत्ता सोहन जी को मिला और उन के परिवार में घुल मिल गया। मोहनजी ने उसे ढूंढने के लिए प्रेस का सहारा लिया। उसकी सूचना देने वाले को ईनाम देने का वायदा किया। फोन की घन्टी बजी और सूचना मिली कि उनका कुत्ता सोहनजी के घर में है जो कि किसी और शहर में रहते हैं। जब सोहनजी ने वह विज्ञापन पढ़ा तो काली डाई (कलर) खरीद कर उसकी पूंछ के बाल काले कर दिये। यह सब उसके परिवार वालों ने देख लिया।

मोहनजी ने सोहनजी के घर का दरवाजा खटखटाया, कुत्ते के बारे में पूछा। कुत्ते को देखा। रंग वही, नस्ल वही, बुलाने पर वह आया, उसे अच्छे से देखा फिर बोले यह तो हमारा कुत्ता नहीं है। इसके पूंछ पर सफेद बाल नहीं है और चले गये अपने कुत्ते की तलाश में। सोहन जी बहुत खुश हुए कि कुत्ता उनके पास है लेकिन उनके बच्चों का भरोसा अपने पिता से उठ गया। बच्चे सोचने लगे कि हमारे पिताजी सत्य को छिपाने के लिए झूठ का सहारा लिया।

हमारा जीवन जो एक फूल की तरह सुन्दर और कुछ ही सालों का होता है। हम किस तरह के कार्य में लगे है? कहा जाता है कि जो लोग केकड़े पकड़ते हैं वे उन्हें टोकरी में जिन्दा रखते हैं लेकिन टोकरी का ढक्कन नहीं लगाते क्योंकि केकड़े ऊपर चढ़ने वाले केकड़ों को खुद खींच कर नीचे गिरा देते हैं। कभी-कभी ऐसा प्रतीत होता है कि हम भी उठते हुए सदस्यों को गिराने के कार्य में तन-मन-धन से लगे हुए हैं।

पायनियरवाद के लक्ष्य से हटकर हम स्वार्थ की भावना से किसी कार्य में ना लगे। जैसे आप बायेगें वैसी ही फसल आप काटेंगे। पायनियर परिवार को मजबूत करें और I (मै) को पीछे करके अपनी Eye (नजरिया) को सही रखें। आज के दौर में संस्था को मजबूत करने के लिए TQM (Total Quality Management) पर भी ध्यान देना बहुत अनिवार्य हो गया। अच्छे लोग अच्छे कार्य और अच्छी सूचना देने पर ध्यान दें। जो संस्था अपने सदस्य को साथ लेकर नहीं चल सकती वह ज्यादा प्रगति नहीं कर सकती है।

मुझे आशा है कि आप Each one reach one and each one keep one के फार्मूले को अपनायेगें।

*पाय0 टी0 राजन,*
पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष
प्रधानाचार्य ए.डी.ए. स्कूल
मेरठ रोड, हापुड़ (उ0प्र0)

# पायनियर क्लब कर्वी द्वारा गरीब व असहायों को वस्त्र वितरित

कर्वी चित्रकूट। सामाजिक संस्था इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब द्वारा चित्रकूट जाकर गरीब एवं असहायों को वस्त्र एवं बर्तन वितरित किए गए।

उक्त जानकारी देते हुए संस्था के सचिव एवं राष्ट्रीय सचिव केशव शिवहरे ने बताया कि संस्था के सदस्य प्रात: 8 बजे चित्रकूट स्थित प्रमुख द्वारा (प्राचीन मुखारबिन्द) में एकत्र गरीब एवं असहाय लोगों को वस्त्र दान के रूप में कम्बल वितरित किए गए।

वहाँ उपस्थित सभी को संस्था के निदेशक अजय अग्रवाल द्वारा एक-एक स्टील की गिलास भी दी गई।

संस्था के सदस्य महेन्द्र केशरवानी, प्रेमनरायन, राजेश, विनोद, राजेन्द्र पंकज, भरत एवं शारदा उपस्थित रहे।

संस्था सचिव केशव शिवहरे ने इस कार्य के लिए पायनियर भरत गुप्ता एवं शारदा गुप्ता को विशेष रूप से धन्यवाद दिया।



असहायों एवं गरीबों को कम्बल वितरण कैम्प का शुभारम्भ करते संस्था के राष्ट्रीय सचिव केशव शिवहरे एवं शाखा पदाधिकारीगण।

# हापुड़ समृद्धि द्वारा लगाए चिकित्सा शिविर में 1000 लोगों की जांच

इन्टरनेशनल पायनियर्स हापुड़ समृद्धि द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविर में 1000 लोगों का दाँत, नाक, कान, गला एवं अन्य कई बीमारियों का परीक्षण किया गया। डा0 रामअवतार शर्मा, डा0 अशोक ग्रोवर, डा0 संजीव जैन, डा0 श्रीधर राव तथा जालन्धर से पधारे डा0 देवधर ने अपना पूरा समय देकर पायनियर्स के कैम्प को सफल किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश अरोरा, राष्ट्रीय पीआरओ अनिल बाजपेई, पा0 सतीश अग्रवाल कलीवाल, पाय0 महेन्द्र अग्रवाल, पा0 डा0 अशोक अग्रवाल, पाय0 विजेन्द्र गर्ग, पा0 टी0 राजन, पा0 सुरेन्द्र खुराना, पा0 रवि सिंहल, प्रवीण गुप्ता, आराधना बाजपेई, पा0 जगमोहन गर्ग, पा0 महेन्द्र अग्रवाल ने इस कैम्प को सफल बनाने में पूरा योगदान दिया।

डा0 श्रीधर राव ने पूरे विद्यालय के विद्यार्थियों को कम्प्यूटर के द्वारा स्क्रीन पर दाँतों के बारे में विस्तार से बताया। इससे सम्बन्धित सावधानियां तथा सुरक्षा के बारे में सचेत किया।

डा0 रामअवतार व डा0 अशोक ग्रोवर ने बच्चों से किसी भी प्रकार के टेन्शन से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान बच्चों को सब भुलाकर केवल अपनी शिक्षा के बारे में ही सोचना चाहिए।

पा0 राकेश अरोरा, पा0 विजय अग्रवाल व विजेन्द्र गर्ग ने आए हुए डाक्टरों एवं एलन फार्मा जिन्होंने मुफ्त में पेस्ट व दवाईयां वितरित की को धन्यवाद करते हुए कहा कि हम एलन फार्मा व अपने सहयोगी डाक्टरों तथा पा0 टी0 राजन का तहे दिल से आभार व्यक्त करते हैं जिनकी सहायता के बिना शिविर इतना सफल होना असंभव था।

पायनियर क्लब हापुड़ समृद्धि की ओर से विजेन्द्र गर्ग व विजय अग्रवाल जी समापन समारोह में अतिथियों को समृति चिन्ह भेंट किए।

# पायनियर्स ने सेवा कार्य किये (रिपोर्ट)

*- राकेश अरोड़ा (राष्ट्रीय अध्यक्ष)*

सत्र 2004-05 के 5 महीने पूरे होने पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी संतोष कर सकती है कि पायनियर्स अपने कारोबार-घरबार से समय निकाल कर अपनी प्रिय संस्था के तत्वावधान में सेवाकार्यों में समर्पित है।

1. सर्वप्रथम कर्वी चित्रकूट के पायनियर्स के बारे में क्या कहें। वर्ष के प्रारंभ में एक अंक तालिका जो मैने सभी अध्यक्षों के पास भेजी थी उन्होंने नं01 से 25 तक उन प्रोजेक्ट्स को पूरा करने का निर्णय लिया है। नसबन्दी शिविर, यातायात सुरक्षा, ग्रीन कार्ड, अलाव, पल्स पोलिया कैम्प, राष्ट्रीय दिवस, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, मेडिकल चैकअप तथा सब से महत्वपूर्ण एम्बुलेंस जो उन्होंने अपने स्वयं के पैसे से खरीदी है। कर्वी के सचिव केशव शिवहरे की प्रोजेक्ट्स रिपोर्ट प्रति सप्ताह मिल रही है।

2. रामनगर का अस्पताल, आँखों के आपरेशन व मेडिकल जाँच शिविर।

3. सम्भल का एस्कार्ट के सहयोग से लगाया गया हार्ट चैकअप शिविर।

4. इन्टरनेशनल पायनियर्स हापुड़ गोल्ड द्वारा मन्दिर में सेवा, करीब 22000रु0 (नकद एवं सामान) सुनामी पीड़ितों के लिए योगा कैम्प गरीब विद्यार्थियों को सहायता।

5. हापुड़ मेन द्वारा सुनामी पीड़ितों के सहायतार्थ हापुड़ गोल्ड के साथ सहयोग, भ्रष्टाचार व आतंकवाद पर गोष्ठी, योगा कैम्प, निर्धन विद्यार्थियों को स्टेशनरी, पर्यावरण पर सेमीनार, सर्दियों में अलाव जलाना, आस्था का गठन।

6. हापुड़ इकोकेयर द्वारा आंखें, नाक, कान, गला आदि के लिए डाक्टरी सहायता ज्ञान अमृत स्कूल में, पर्यावरण पर गोष्ठी, दांतों की देखभाल पर परिचर्चा, डा0 ओम प्रकाश जी द्वारा, 26 जनवरी पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किये गए।

7. हापुड़ आस्था जो नया क्लब है आतंकवाद पर गोष्ठी, विद्यार्थियों का सम्मान व काव्य संध्या का आयोजन तथा पल्स पोलियो की दवा पिलाने के लिए कैम्प का आयोजन।

8. हापुड़ समृद्धि-दीपावली मिलन हापुड़ के चारों क्लब के साथ संसद सदस्य द्वारा उद्घाटन, वृद्धाश्रम जो पायनियर विजेन्द्र गर्ग द्वारा पायनियर को दी गई भूमी पर निर्मित होगा। 1000 लोगों का स्वास्थ्य जांच शिविर, 4 नये सदस्य बनाए।

9. दिल्ली ईस्ट-दिल्ली ईस्ट ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें क्लब के सदस्यों सहित करीब 70 लोगों ने अपना रक्त दान किया।

10. लखीमपुर खीरी की ब्रांच ने सभी पायनियर्स के सहयोग से सुनामी पीड़ितों की मदद को करीब 9000 का ड्राफ्ट प्रेषित किया।

# सफल छात्र पुरस्कृत किये गये

**चित्रकूट।** जनपद की सामाजिक कार्यों में अग्रणी संस्था इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब द्वारा आयोजित "सामान्य ज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा 2005" में सफल हुए विद्यार्थियों को दिनांक 27-2-05 को सायं 4 बजे स्थानीय बी0आर0सी0 भवन में एक भव्य समारोह के अन्तर्गत जिलाधिकारी के0पी0 पाण्डेय द्वारा श्रीमती पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर संस्था द्वारा सम्मानित कराया गया।

उक्त जानकारी देते हुए संस्था के राष्ट्रीय सचिव केशव शिवहरे द्वारा बताया गया कि सर्वप्रथम श्रीमती गीतादेवी, श्रीमती शकुन्तला देवी एवं श्रीमती सुषमा देवी सहायक अध्यापिकाओं द्वारा मुख्य अतिथि जिलाधिकारी के0पी0 पाण्डेय के सम्मान में मनोहारी सुन्दर स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे जिलाधिकारी श्री पाण्डेय ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पायनियर्स क्लब इस जनपद में जितना भी जनकल्याण के कार्य कर रही है किसी से छिपे नहीं है। निश्चित रूप से संस्था के सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उनका प्रतिभावान छात्रों को सामान्य ज्ञान परीक्षा के माध्यम से सम्मानित करना और शिक्षा की ओर प्रेरित करना साथ ही पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा सम्पन्न कराना प्रथम एवं साहसिक सफल प्रयास है। उन्होंने कहा कि चित्रकूट में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जरूरत है तो बस उन्हें आगे बढ़ाने की एवं निखारने की जो कार्य इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब के सदस्य पूरी निष्ठा से कर रहे हैं। इसके लिए मैं पुन: सबको बधाई देता हूँ।

इसके पूर्व संस्था के राष्ट्रीय सचिव केशव शिवहरे ने संस्था के बारे में विधिवत जानकारी दी एवं सामान्य ज्ञान परीक्षा के बारे में बताया कि इस परीक्षा में जनपद के 13 विद्यालयों के 321 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें 89 छात्राएं भी शामिल रही। परीक्षा कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई थी। उन्होंने विद्यालयों एवं अभिभावकों की मांग पर यह वायदा किया कि इस तरह की परीक्षाएं सुविधानुसार वर्ष में दो बार कराए जाने का प्रयास किया जायेगा।




उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते संस्था के राष्ट्रीय सचिव केशव शिवहरे

संस्था के अध्यक्ष अतुल अग्रवाल ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि संस्था द्वारा जो भी कार्य कराए जा रहे हैं वह सब आप सभी के मार्गदर्शन का परिणाम है। संस्था के निदेशक संजय अग्रवाल ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि जिस प्रकार नदियों में जल प्रवाह को बाधित करने के उद्‌देश्य से खरपतवार जमा हो जाते हैं तो उनकी सफाई करना आवश्यक हो जाता है उसी प्रकार संस्था हित में कुछ स्वार्थी तत्वों को भी समय-2 पर रास्ते से हटाना एवं संवैधानिक प्रक्रिया है। ऐसे करने से संस्था में निखार एवं सक्रियता बढ़ती है। परन्तु कोई कार्य बाधित नहीं होते हैं।

सामान्य ज्ञान परीक्षा में सफल हुए विद्यार्थियों को कीमती पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र संस्था की तरफ से दिए गए जिससे असफल छात्रों में भी और जागरूकता पैदा हो एवं आगे बढ़ने की प्रेरणा ले सके।

सफल हुए प्रतिभावान छात्रों में अभिषेक कसौंधन गोपालदास निर्मला देवी विद्यालय के छात्र को प्रथम पुरस्कार



उपस्थित प्रतिभावान छात्र, शिक्षक, बुद्धिजीवी एवं जनसमूह



मेधावी छात्रों को पुरस्कार देते जिलाधिकारी चित्रकूट के0 पी0 पाण्डेय



10 Lion Deepak Arora
Cambridge Book Depot
Railway Road
Saharanpur

समाचार पत्र पंजीयन सं0 पं0 सं0 56806/83,
डाक पंजीयन UA/NTL-01/03

# इन्टरनेशनल पायनियर्स

नि:स्वार्थ, स्वैच्छिक, कल्याणकारी, समाजसेवी संस्था
प्रधान कार्यालय-रामनगर (नैनीताल) उत्तरांचल

सोसाइटी की रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र संख्या-1237/1971-72

एवं रेसिंग सायकिल, हरीओम गुप्ता बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मन्दिर के छात्र को द्वितीय पुरस्कार चार कुर्सी एक मेज, एवं सत्यप्रकाश तिवारी चित्रकूट इण्टर कालेज के छात्र को तृतीय पुरस्कार वी0आई0पी0 सूटकेस प्रशस्ति पत्र के साथ जिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त किया गया। इसके अलावा दस छात्रों को सान्त्वना पुरस्कार के रूप में एक-2 दीवाल घड़ी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इतना ही नहीं प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार पाने वाले छात्रों के विद्यालयों को भी एक-2 कीमती दीवाल घड़ी देकर सम्मानित किया गया।

इसके पूर्व मंचासीन अतिथियों का संस्था के निदेशकों डा0 महेन्द्र गुप्ता, अजय अग्रवाल व पंकज अग्रवाल द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। संस्था के निदेशक अजय अग्रवाल द्वारा सबसे कम उम्र के कक्षा के सान्त्वना पुरस्कार विजेता ऋषभ पाण्डेय को 251/- (दो सौ इक्यावन) रू0 का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस सामान्य ज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा में सायकिल-प्रमुख व्यवसाई महेश उर्फ मट्टू साहू, चारी कुर्सी एक मेज संस्था अध्यक्ष अतुल अग्रवाल, वी0आई0पी0 सूटकेस संस्था सदस्य सन्तोष गुप्ता एवं संजीव अग्रवाल, सान्त्वना पुरस्कार की दस घड़ियां संयुक्त रूप से सदस्य दीपक अग्रवाल, महेन्द्र केशरवानी, सुनील सुहाने एवं विद्यालयों को तीन घड़िया प्रमुख दवा व्यवसायी पंकज अजय अग्रवाल प्रो0 अजय मेडिकल स्टोर के सहयोग से प्रदान की गई।

इस अवसर पर नगर के पूर्व विधायक भैरों प्रसाद मिश्र, सीनियर शासकीय अधिवक्ता मालेन्दु प्रताप सिंह, भोलानाथ गुप्ता, सामाजिक संगठन भारत कल्याण मंच के अध्यक्ष राजेश जायसवाल, प्रतिभावान छात्रों के अभिभावक, सेठ मूलचन्द्र स्कूल के शिक्षकगण डा0 सुरेन्द्र अग्रवाल, डा0 सीताराम गुप्त, वी0आर0सी0 प्रभावी गया प्रसाद पटेल पायनियर्स सदस्य प्रेमनरायन, संजय अग्रवाल एडवोकेट, विनोद गुप्ता, ओमप्रकाश साहू, राजेश गुप्ता, दीपक, राजेन्द्र, अनूप, हीरालाल, श्यामलाल आसवानी, संजीव अग्रवाल, शारदा गुप्ता, भरत गुप्ता, महेन्द्र केशरवानी, अजय अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, सुनील सुहाने सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अन्त में संस्था के राष्ट्रीय सचिव केशव शिवहरे द्वारा सभी का एवं पायनियर्स सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## पायनियर चेतना रामनगर के सम्बन्ध में प्रकाशन सूचना

### फार्म-4

1. प्रकाशन का स्थान : रामनगर
2. प्रकाशन की अवधि : मासिक
3. मुद्रक का नाम : सन्तोष कुमार महरोत्रा
क्या भारत का नागरिक है : हाँ
पता : वंशी भवन, नंदा लाइन रामनगर (नैनीताल) उत्तरांचल
4. प्रकाशक का नाम : सन्तोष कुमार महरोत्रा
5. सम्पादक का नाम : सन्तोष कुमार महरोत्रा
क्या भारत का नागरिक है : हाँ
पता : वंशी भवन, नंदा लाइन रामनगर (नैनीताल) उत्तरांचल
6. उन व्यक्तियो के नाम और पते जो समाचार पत्र के स्वामी हो तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार हो या हिस्सेदार हों : इन्टरनेशल पायनियर्स प्रधान कार्यालय रामनगर (नैनीताल) उत्तरांचल

मैं सन्तोष कुमार महरोत्रा एतद् द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिये गये विवरण सत्य हैं।

दिनांक 18/3/2005

सन्तोष कुमार महरोत्रा
प्रकाशक के हस्ताक्षर

**प्रत्येक नगर में इन्टरनेशनल पायनियर्स क्लब स्थापित करने के लिये**

उत्साही, कर्मठ, स्वावलम्बी, समाजसेवी मानवसेवी भावना रखने वाले व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित हैं।

रजि0 संख्या 1237 स्थापित 1968 ☎ : 05947-252841

**इन्टरनेशनल पायनियर्स**

e-mail : internationalpioneers@rediffmail.com
राष्ट्रीय कार्यालय-रामनगर (नैनीताल) उत्तरांचल
website : www.pioneerinternationalclub.com

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक - सन्तोष कुमार मेहरोत्रा द्वारा इन्टरनेशनल पायनियर्स राष्ट्रीय कार्यालय के स्वामित्त्व में प्रकाशित एवं विबग्योर प्रिन्टर्स, रामनगर (नैनीताल) में मुदित।